# जनसंवाद में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सुनीं जनता की समस्याएं

## अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर :** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने रविवार को सरदार पटेल चौराहा स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित 'जनसंवाद' कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों, एनडीए के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।



जनसंवाद कार्यक्रम में बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराया जाए।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि जनता की सेवा करना ही जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। सरकार जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

**बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी :** जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, एनडीए के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र मंत्री को सौंपे, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## सई नदी में सगे भाई समेत तीन किशोर डूबे, तलाश जारी

**प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सई नदी के खीरी बीर घाट पर रविवार को घूमने गए तीन किशोर उफनाई नदी में डूब गए। इनमें दो सगे भाई शामिल हैं। पुलिस और गोताखोरों की टीम तलाश अभियान में जुटी है।

नगर क्षेत्र स्थित सई नदी के खीरी बीर घाट पर घूमने गए तीन किशोर उफनाई नदी के तेज बहाव में डूब गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पुल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस और गोताखोरों की टीम तीनों की तलाश में जुटी हुई है। नगर कोतवाल सुभाष यादव ने बताया कि क्षेत्र के अचलपुर लेखपाल कॉलोनी निवासी सगे भाई कृष्णा सोनी (13) और अनुराग सोनी (15) पुत्रगण रामजी सोनी तथा अमित सोनी (16) पुत्र राजू सोनी रविवार सुबह सई नदी के खीरी बीर घाट पर पहुंचे थे। तीनों नदी में नहाने के लिए उतर गए, लेकिन तेज बहाव और गहरे पानी की चपेट में आने से डूब गए।

## काशी भारत की सनातन चेतना का शाश्वत प्रकाश, यहाँ कण-कण में शिव का वास : रेखा गुप्ता

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर रविवार को यहां काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ और काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के दरबार में परिजनों के साथ विधिवत हाजिरी लगाई। दो दिवसीय काशी प्रवास पर आईं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दोनों मंदिरों में विधि विधान से दर्शन पूजन के बाद दिल्ली सहित पूरे देश में सुख समृद्धि की कामना कीं।

काशी के दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि आज, अपने जन्मदिन पर, मुझे शाश्वत, अविनाशी और मोक्ष प्रदान करने वाली काशी में बाबा श्री काशी विश्वनाथ और काशी के कोतवाल श्री काल भैरव के पवित्र चरणों में दर्शन और पूजा करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। काशी भारत की सनातन चेतना का शाश्वत प्रकाश है। यहाँ कण-कण में शिव का वास है, हर श्वास में भक्ति है और हर कदम पर आध्यात्मिकता का स्पंदन महसूस होता है। बाबा विश्वनाथ की कृपा और काल भैरव जी का संरक्षण अनादि काल से इस पवित्र भूमि और इसके भक्तों की शक्ति रहे हैं। मैं बाबा विश्वनाथ और श्री काल भैरव जी से प्रार्थना करता हूँ कि वे सभी पर अपनी असीम कृपा बनाए रखें, सबको सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली का आशीर्वाद दें, और भारत निरंतर वैभव, गौरव और नई उपलब्धियों के शिखर को छूता रहे।

इसके पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के जन्मदिन पर वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बधाई दी है। उन्होंने अपने अधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि 'दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं। दिल्ली के विकास को बढ़ावा देने और लोगों के लिए 'जीवन को आसान बनाने' की दिशा में उनके प्रयास सराहनीय हैं। उनके लंबे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।'

# तेज रफ्तार मैजिक की चपेट में आए बुलेट सवार, दो युवकों की मौत

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के राजातालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरभानपुर-ओदार स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप शनिवार देर शाम तेज रफ्तार मैजिक वाहन की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे का इलाज जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, वीरभानपुर निवासी जमाल (26), शाहिद (20) और मोहम्मद आमिर (20) शनिवार देर शाम बुलेट से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे राजातालाब-जंसा मार्ग पर ओदार स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही राजातालाब पुलिस चौकी प्रभारी राजेश मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जमाल और शाहिद को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोहम्मद आमिर की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों और घायल युवक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। दोनों युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### बाइक फिसलने से अधेड़ की मौत

**मीरजापुर ।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में पड़री थाना क्षेत्र के उसरहवा गांव के पास रविवार सुबह सड़क किनारे बिखरी गिट्टी से एक बाइक फिसल गई। इस हादसे में बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद सड़क पर फैली गिट्टी को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शिवगढ़ (हिनौती) निवासी रामदास (46) डगमगपुर चौराहे की ओर से मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। उसरहवा गांव के समीप सड़क पर फैली गिट्टी के कारण उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक से गिरने के कारण उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही पड़री थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रामदास को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री पहुंचाया।

## पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को लेकर द्वारकाधीश मंदिर में हुआ पौधरोपण

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में समाजसेवी संस्था एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से चलाए जा रहे 'जीवनधारा पौधारोपण अभियान-5100' के तहत रविवार सुबह प्रार्थना नर्सिंग होम के समीप स्थित द्वारकाधीश मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अभियान के दौरान पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी मंदिर के सेवादारों को सौंपी गई।

पौधरोपण के बाद आयोजित पर्यावरण गोष्ठी में समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि पेड़-पौधे विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराने की प्रेरणा देते हैं और मानव जीवन के लिए इनका महत्व सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और उनकी नियमित देखभाल आवश्यक है। समिति शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों और मार्गों पर ऑक्सीजन देने वाले दीर्घायु पौधों का रोपण कर रही है। साथ ही लोगों को उनकी पसंद के पौधे निःशुल्क भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में मधुकामिनी, मालती बेल, हरसिंगार, बेलपत्र, चांदनी, गुड़हल, अशोक, चितवन और कदम सहित कई पौधे लगाए गए। गोष्ठी के अंत में उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

# मंत्री अरविंद शर्मा ने झाड़ू लगाकर की 76 दिवसीय वार्ड प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** वाराणसी में रविवार को सूरजकुंड वार्ड में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने 76 दिवसीय वार्ड प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत किया। वाराणसी दक्षिणी विधानसभा में विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी की योजना से 76 दिवसीय वार्ड प्रवास के शुभारम्भ पर मुख्य अतिथि रहे मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने झाड़ू लगाया और स्थानीय लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

वार्ड प्रवास कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-जन को स्वच्छता के कार्य से जोड़ने के लिए झाड़ू उठाने का जो कार्य किया था, उसी को आगे बढ़ाते हुए हम स्वच्छता कार्य में जुटे हुए हैं। विश्व पटल पर आज वाराणसी की तस्वीर बदली हुई दिखाई देती है, इसका एक प्रमुख कारण यहां का स्वच्छ वातावरण भी है। विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी निर्वाचन क्षेत्र दक्षिणी विधानसभा में 76 दिवसीय वार्ड प्रवास का कार्यक्रम आज से प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। आने वाले दिनों में प्रतिदिन एक वार्ड में हम वहां के स्थानीय लोगों और भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता कार्य को करते हुए दिखेंगे।



## आपका राशिफल 20 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक 5 7 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक 3 4 6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

# मार्कण्डेय महादेव मंदिर परिसर में श्रावण मास की तैयारियों का जिलाधिकारी ने जायजा लिया

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को मार्कण्डेय महादेव मंदिर परिसर में श्रावण मास की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं के सकुशल दर्शन पूजन और जलाभिषेक के पुख्ता इंतज़ाम और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक किया।



मार्कण्डेय महादेव मंदिर का निरीक्षण के दौरान दिखी कमियों का जिक्र करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन के लिए मुख्य मार्गों, रेलवे स्टेशन और मंदिर के आसपास समग्र व्यवस्था और विस्तृत कार्ययोजना तैयार रखी जाए। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा मंदिर क्षेत्र व घाट की साफ़ सफाई व्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मन्दिर के महंत ने अभी तक की तैयारियों और कमियों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। जिसे भी जिलाधिकारी ने तत्काल दूर कर लेने के आदेश दिए।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से 56 जिलों में 215 बसों का संचालन शुरू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से प्रदेश के 75 में से 56 जिलों को ग्रामीण मार्गों पर बस सेवा से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही प्रदेश के हर गांव को बस सेवा से जोड़ने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। यह जानकारी रविवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 1,012 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 858 आवेदनों का चयन किया जा चुका है। वर्तमान में प्रदेश के 56 जनपदों में 215 मिनी बसों का संचालन शुरू हो चुका है, जिससे काफी संख्या में ग्रामीण परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। मार्च 2026 में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक के दौरान इस योजना को मंजूरी मिली थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के माध्यम से उन गांवों और ग्रामीण मार्गों को बस सेवा से जोड़ा जा रहा है, जहां अब तक नियमित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

## भाजपा बूथ सम्मेलन की सफलता के लिए पूरी ताकत से जुटें कार्यकर्ता : संजय गुप्ता

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** आगामी 22 जुलाई को आयोजित होने वाला बूथ सम्मेलन वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उक्त बातें रविवार को सिविल लाइन स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में हुई बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम पर प्रदेश नेतृत्व की सीधी नजर है, इसलिए प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ता पूरी तैयारी, संगठनात्मक मजबूती और जिम्मेदारी के साथ सम्मेलन में सहभागिता सुनिश्चित करें। महानगर के सभी 15 मंडलों में आयोजित बैठकों में बूथ सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सम्मेलन संगठन की ताकत और बूथ स्तर की सक्रियता का परिचायक होगा। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि सभी बूथ अध्यक्षों से व्यक्तिगत संपर्क कर सम्मेलन की जानकारी दें तथा उन्हें अपने बूथ की पूरी जानकारी के साथ सम्मेलन में उपस्थित होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा संभावित रूप से प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह भी सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में सभी मंडलों को अपने-अपने क्षेत्र की तैयारियां समय से पूरी करनी होंगी। उन्होंने कहा कि कई मंडलों में यह कार्य पूरा हो चुका है, जबकि जिन मंडलों में अभी शेष है, वहां इसे प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि 22 जुलाई को शहर उत्तरी, शहर दक्षिणी और शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्रों के बूथ सम्मेलन एक ही दिन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महानगर महामंत्री डॉ. शैलेश पांडेय, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, रमेश पासी, आनंद सोनकर, अनुज कुशवाहा, प्रमोद मोदी, उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में 56 प्रकार के महाभोग से सजे जगत के नाथ

### तिरुपति बालाजी स्वरूप में भक्तों को दिए दिव्य दर्शन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित रथ यात्रा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को काशी राज नगर, कटघर स्थित प्रयागेश्वर जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ जी का दिव्य श्रृंगार, 56 प्रकार के महाभोग एवं महाप्रसाद वितरण का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ जी ने तिरुपति बालाजी के स्वरूप में भक्तों को दिव्य दर्शन देकर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान जगन्नाथ जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग अर्पित कर की। इसके उपरांत मंत्री गगन दास गुप्ता, उपाध्यक्ष दाऊ दयाल गुप्ता, अमर रस्तोगी, राजेश केसरवानी,



कन्हैया लाल गुप्ता, त्रिलोकी केसरवानी, पप्पू कलश, शशिकांत जायसवाल, पूनम गुप्ता, विजय वैश्य, उमेश चंद्र जायसवाल, अजय अग्रहरि सहित श्रद्धालुओं ने महाआरती कर महाभोग प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया।

रथयात्रा संयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ का विशेष श्रृंगार तिरुपति बालाजी के स्वरूप में किया गया। उन्हें पारंपरिक 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग अर्पित किया गया।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ चार दिवसीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, जौनपुर :** यूपी के जौनपुर में नगर के रासमंडल मोहल्ला में भगवान जगन्नाथ मंदिर में आयोजित चार दिवसीय भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का रविवार को पारंपरिक वैदिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य समापन हो गया। समापन अवसर पर विशाल कढ़ी-भात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

समापन दिवस पर सुबह से ही श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान श्री जगन्नाथ, उनके बड़े भ्राता बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के दर्शन-पूजन के लिए देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर पूरे दिन 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। आचार्य डॉ. रजनीकांत द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का षोडशोपचार पूजन संपन्न कराया। इस दौरान हरदेव सिंह, नीलम सिंह, रोहन सिंह एवं तुषित गुप्ता मुख्य यजमान रहे।



पूजन के उपरांत भगवान को कढ़ी-भात, मौसमी सब्जी, मालपुआ और शाही खीर का विशेष महाभोग अर्पित किया गया।

महाआरती के बाद मुख्य अर्चक पंडित दिनेश चंद्र द्विवेदी ने विशाल कढ़ी-भात भंडारे का शुभारंभ किया। रथयात्रा समिति के अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, महामंत्री शिवशंकर साहू तथा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं और श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया।

समापन समारोह में प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, चिकित्सक और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री जगन्नाथ मंदिर के ट्रस्टी सीए संजय गुप्ता ने रथयात्रा महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।